सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून/दिल्ली 18 जुलाई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित मिजोरम भवन में मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (से नि) से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान दोनों राज्यपालों ने उत्तराखण्ड और मिजोरम के विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने, संयुक्त शोध परियोजनाओं को बढ़ावा देने, नवाचार और सर्वोत्तम शैक्षणिक प्रथाओं के आदान–प्रदान जैसे विषयों पर विचार–विमर्श किया।

..........0..........